डीएम ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

मतगणना स्थल का बुधवार को निरीक्षण करते अधिकारी। • हिन्दुस्तान

औरंगाबाद | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

दिए कई निर्देश

- दो नए भवन के निर्माण होने से होगी सहूलियत
- ईवीएम कोषांग बनाने व संधारण को लेकर भी ली जानकारी

औरंगाबाद जिला मुख्यालय में स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में मतगणना स्थल का निर्माण किया जाता है जिसका निरीक्षण बुधवार को डीएम सौरभ जोरवाल ने किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओ प्रदीप कुमार, उपनिर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल, कोषागार पदाधिकारी रामप्रवेश यादव, एसडीपीओ अनूप कुमार, नगर थानाध्यक्ष रवि भूषण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कहा गया कि यहां दो नए भवनों का निर्माण हो रहा है जिससे सहूलियत होगी। ईवीएम कोषांग बनाने और उसके संधारण को लेकर भी जानकारी ली गई। वाहन कोषांग का भी निरीक्षण किया गया। वाहनों के ठहराव और उन्हें रवाना करने के लिए उपलब्ध जगह के बारे में पूछताछ की गई। बताया गया कि सिन्हा कॉलेज परिसर में पूर्व से ही यह काम होते रहे हैं। कोरोना महामारी के बीच सोशल डिस्टेंस के अनुपालन सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में सभी छह विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना इसी मतगणना स्थल पर होती है। वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

दाउदनगर में भी स्थल का निरीक्षण किया गया है जहां दो विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना करने पर निर्णय लिया जा सकता है। भीड़ को नियंत्रित करने और सोशल डिस्टेंस के शत-प्रतिशत अनुपालन के लिए इस तरह की व्यवस्था की जा सकती है। फिलहाल इस दिशा में कार्रवाई हो रही है।